18/12/2024

Hindustan Times

evelopment

01-2025 (03-

4.00PM)

of ...tion	EMD Payable at
	8
...ths	EE, Nagar Vikash Pramandal, Patna City

...ineer
...ision, Patna City
...oration, Patna

से प्यार

मुख्यालयः उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
"गौरा देवी पर्यावरण भवन"
46–बी, आई.टी.पार्क, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून
E-mail : msukpcb@yahoo.com, दूरभाषः 0135–2607092

UTTARAKHAND UEPPCB

LiFE Lifestyle for Environment

पत्रांक– यू.के.पी.सी.बी./एच.ओ./एन.ओ.सी.(पी.एच.)–8018/2024/1507 दिनांकः 17.12.2024

पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई के लिये सूचना

मै० अम्बुजा सीमेन्ट्स लि०, ग्राम लकेश्वरी, पो०ओ०–सिकंदरपुर भैंसवाल, भगवानुपर, रूड़की, जिला हरिद्वार द्वारा ग्राम लकेश्वरी, पो०ओ०–सिकंदरपुर भैंसवाल, भगवानुपर, रूड़की, जिला हरिद्वार में प्रस्तावित सीमेन्ट ग्राइन्डिंग यूनिट की उत्पादन क्षमता में 1.2 एम.टी.पी.ए. से 3.0 एम.टी.पी.ए. तक विस्तार की पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई का प्रस्ताव उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, देहरादून के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रस्ताव के लिये राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) द्वारा Terms of Reference निर्धारित किये गये हैं, जिनके अन्तर्गत प्रस्तावक के द्वारा ड्राफ्ट पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट एवं पर्यावरण प्रबन्धन योजना तैयार कर प्रस्तुत की गयी है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी ई.आई.ए. अधिसूचना 14.09.2006 (यथासंशोधित) के अनुसार उक्त प्रकार की परियोजनाओं के क्रियान्वयन से पूर्व लोक सुनवाई का प्राविधान है, जिस हेतु 30 दिनों का नोटिस समाचार पत्रों के माध्यम से जन साधारण के संज्ञानार्थ दिया जाना आवश्यक है। लोक सुनवाई हेतु "पैनल" की संरचना उक्त अधिसूचना के अनुरूप निम्नवत् है:–

1. जिलाधिकारी, जनपद हरिद्वार या उनके द्वारा नामित/अधिकृत प्रतिनिधि जो जिला स्तरीय अधिकारी हो – लोक सुनवाई के अध्यक्ष।
2. उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि।

प्रस्ताव से सम्बन्धित जमा समस्त अभिलेख (i) क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, 25–सुभाष रोड, देहरादून (ii) मुख्यालय, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गौरा देवी पर्यावरण भवन, 46–बी, आई0टी0 पार्क, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून (iii) क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सिंचाई परिकल्प भवन परिसर, कैनाल रोड, रूड़की, जनपद हरिद्वार (iv) कार्यालय जिलाधिकारी, हरिद्वार (v) कार्यालय, जिला पंचायत, हरिद्वार (vi) जिला उद्योग केन्द्र, हरिद्वार में उपलब्ध हैं, जिनका कोई भी इच्छुक संस्था/व्यक्ति अवलोकन कर सकता है। ड्राफ्ट पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट एवं सारांश की प्रति **www.ueppcb.uk.gov.in** पर भी उपलब्ध हैं।

मै० अम्बुजा सीमेन्ट्स लि0, ग्राम लकेश्वरी, पो०ओ०–सिकंदरपुर भैंसवाल, भगवानुपर, रूड़की, जिला हरिद्वार द्वारा ग्राम लकेश्वरी, पो0ओ0–सिकंदरपुर भैंसवाल, भगवानुपर, रूड़की, जिला हरिद्वार में प्रस्तावित सीमेन्ट ग्राइन्डिंग यूनिट की उत्पादन क्षमता में 1.2 एम.टी.पी.ए. से 3.0 एम.टी.पी.ए. तक विस्तार की पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई **दिनांक 18.01.2025 को प्रातः 11:00 बजे से परियोजना स्थल में तत्समय कोविड– 19 के संदर्भ में विद्यमान SoP के अधीन सोशल डिस्टेन्सिंग, आवश्यक रूप से मास्क का प्रयोग, थर्मल स्क्रीनिंग एवं हैंडवाश व सेनेटाइजर तथा अन्य सुरक्षात्मक उपायों के साथ निर्धारित की जाती है।**

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सम्बन्धित परियोजना के प्रस्ताव के सम्बन्ध में अपने मौखिक, लिखित, सुझाव, टीका टिप्पणियाँ एवं आपत्तियाँ इस कार्यालय अथवा बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सिंचाई परिकल्प भवन परिसर, कैनाल रोड, रूड़की, जनपद हरिद्वार में इस सूचना से सम्बन्धित विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के अन्दर प्रेषित कर सकते हैं अथवा लोक सुनवाई के समय भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

सदस्य सचिव
उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

Clean Environment and Healthy Life Style
स्वच्छ पर्यावरण स्वच्छ जीवन शैली